प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक–20.09.2017 (बुधवार) को सम्पन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति की चतुर्थ बैठक की कार्यवाही :–

1. उपस्थिति – संलग्न है।
2. विगत बैठक दिनांक–21.04.2017 (शुक्रवार) की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।
3. तृतीय बैठक में लिए गए निर्णयों की बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा निर्णय के आलोक में कृत अनुपालन प्रतिवेदन की संपुष्टि की गई।
4. **कार्यसूची की मद सं.–03** :– माननीय सभापति, कार्यकारिणी समिति के दिनांक–06.09.2017 में प्राप्त निर्देश के अनुपालन में तृतीय आश्रमवर्ग के किशोर आश्रम में तत्काल नये आश्रमाध्यक्ष की नियुक्ति पर विचार–विमर्श किया गया। तदुपरांत, सभी सदस्यों का यह सम्यक विचार गठित हुआ कि दिनांक–22.09.2017 से अगले आदेश तक के लिए श्री तारकेश्वर पासवान, शिक्षक, ने.आ.वि. को किशोर आश्रम के आश्रमाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाय। श्री पासवान के आश्रमाध्यक्ष नियुक्ति के साथ वर्तमान आश्रमाध्यक्ष श्री मारूति प्रताप सिंह अगले आदेश तक बंगला सं.–01 के पश्चिमी खंड जहाँ सम्प्रति, श्री पासवान रह रहे हैं वहाँ रहेंगे (उपलब्धता के आधार पर परिवर्तनीय होगा)।
5. **कार्यसूची मद सं.–04** :– तीन आवश्यक निर्माण योजनाओं के निविदा के वित्तीय बीड पर विचार–विमर्श के क्रम में सदस्यों द्वारा तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृत राशि पर ही सार्थ को कायदिश निर्गत करने की अनुशंसा की गई।
6. **कार्यसूची मद सं.–05** :– निविदा सं.–1653 एवं 1654 दिनांक–11.09.2017 के संदर्भ में यह निर्णय हुआ कि उक्त निविदा को तत्काल उपस्थित संवेदकों के प्रतिनिधि के समक्ष खोले जा सकते हैं जिस पर अंतिम निर्णय दिनांक–21.09.2017 को क्रय समिति जिसमें स्थानीय प्रबंधक समिति के भी सदस्य उपस्थित हों कि बैठक में ही निर्णय लिए जाए।
7. **कार्यसूची की मद सं.–06** :– पुस्तकालय प्रभारी द्वारा पुस्तकालय हेतु गोदरेज कम्पनी की कुर्सियों के क्रय से संबंधित अनुशंसा पत्र को सम्यक विचारोपरांत अस्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।
8. **कार्यसूची की मद सं.–07 :–**

   अन्य–01 :– श्री रमेश प्रसाद, कनीय–अभियंता, भवन अवर प्रमंडल नेतरहाट के द्वारा द्वितीय आश्रमवर्ग को जीर्णोद्धार पश्चात् हस्तगत लेने के क्रम में प्राचार्य के मौखिक आदेश के अनुपालन में शिक्षक डॉ. मयंक भार्गव, श्री विधु शेखर देव, श्री अभिषेक मिश्रा एवं विद्यालय केयरटेकर श्री संजय कुमार, कनीय–अभियंता के साथ आश्रम के अनुश्रवण एवं निरीक्षण हेतु आश्रम का परिभ्रमण किए। तदुपरांत, अनुश्रवण समिति के द्वारा कुछेक छोटे–मोटे कार्यो को किए जाने का प्रस्ताव दिया

20/9/2017

20.9.17 20/9/17

गया। इस पर प्राचार्य द्वारा कनीय–अभियंता को स्पष्ट निर्देश हुआ कि अनुशंसित कार्यो को यथाशीघ्र करवाया जाय ताकि ससमय पंचम आश्रमवर्ग को जीर्णोद्धार हेतु सुपुर्द कराया जा सके।

अन्य–02 :– कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की दिनांक– 16.09.2016 को आहूत बैठक के निर्णय के अनुक्रम में श्री मुरलीधर कोटवार, सह–शिक्षक, ने.आ.वि. को चक्रानुक्रम से एक वर्ष के लिए स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के शिक्षक प्रतिनिधि के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया था। श्री कोटवार की कालावधि दिनांक–25.9.2017 को समाप्त हो रही है। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा श्री कोटवार के उनके एक वर्ष के मूल्यवान सहयोग के लिए सहृद्य आभार व्यक्त किया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह./–
(विन्ध्याचल पाण्डेय)
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति

ज्ञापांक– नेतरहाट, दिनांक–

प्रतिलिपि :– सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति को सादर सूचनार्थ समर्पित।

2. उप–प्राचार्य, ने.आ.वि./श्री मुरलीधर कोटवार, सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति/कोषपाल/प्रधान भंडारपाल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20.9.17

(विन्ध्याचल पाण्डेय)
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति

20.9.17 20.9.17 20.9.17